<u>कार्यालयः— प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीहोर, म0प्र0</u>
//नीलाम विज्ञप्ति//

क्रमांक /V-12/6/2024 सीहोर, दिनांक..................

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर (म0प्र0) के कार्यालय में उपलब्ध शासकीय वाहन खुली नीलामी प्रकिया के माध्यम से नीलाम किया जाना है।

इसके लिए इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते है। वाहन का विवरण निम्नानुसार हैः—

क्रं.	शासकीय वाहन क्रमांक व नम्बर	मॉडल वर्ष	स्थान जहां वाहन उपलब्ध है	निर्धारित ऑफसेट मूल्य	अमानत राशि	चलित दूरी
01	MP-02-HC-0253 (Tata Manza)	2012	कार्या0 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीहोर म.प्र.	75,000/—	7,500/—	54657 कि.मी.

<u>निविदा शर्तेः—</u>

1. नीलामी प्रकिया में भाग लेने हेतु इच्छुक निविदाकर्ता **कार्यालय समय प्रातः 10.30 से सायं 05.30 बजे** तक जिला न्यायालय सीहोर में जिला नाजिर, सीहोर को **<u>अमानत राशि 7,500/—</u>** एक दिवस पूर्व तक जमा कर रसीद प्राप्त कर सकेगा। उक्त राशि पर ब्याज देय नहीं होगा।
2. नीलामी प्रकिया में भाग लेने हेतु निर्धारित प्रारूप कार्यालयीन समय में नजारत अनुभाग, सीहोर से अथवा जिला न्यायालय, सीहोर की आधिकारिक वेबसाइट पर डाउनलोड कर अनिवार्य रूप से एक दिवस पूर्व तक प्रस्तुत करना होगा एवं जमा राशि की प्राप्त रसीद की द्वितीय प्रति के साथ नीलामी प्रकिया में शामिल हो सकेंगे।
3. वाहन की नीलामी प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, सीहोर के माध्यम से जिला नाजिर नजारत अनुविभाग सीहोर द्वारा न्यायालय परिसर सीहोर में **<u>दिनांक 06.11.2024 को सायंकाल 05.00 बजे</u>** तक आयोजित की जावेगी।
4. अधिकतम नीलामी बोली को स्वीकार किये जाने का अधिकार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर को होगा तथा उनका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
5. अधिकतम नीलामी बोलीकर्ता को नीलाम बोली की शेष राशि 3 दिवस के भीतर नजारत अनुविभाग सीहोर में जमा कराकर वाहन का आधिपत्य प्राप्त करना तथा स्वयं के व्यय पर वाहन ले जाना होगा।
6. अधिकतम बोलीकर्ता द्वारा राशि को जमा न कराए जाने की स्थिति में उसके द्वारा जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
7. नीलामी स्वीकृत पश्चात क्रेता को नो—ड्यूज प्रमाण पत्र कार्यालय से प्राप्त कर, परिवहन विभाग से नया पंजीयन स्वयं के व्यय पर प्राप्त करना होगा। किसी भी स्थिति में शासकीय वाहन के क्रमांक का प्रयोग क्रेता द्वारा नहीं किया जावेगा।

8. वाहन की उचित कीमत प्राप्त न होने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी तथा पुनः निविदा बुलाई जावेगी।

9. वाहन जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में नीलाम होगा। वाहन का अवलोकन करना चाहे तो नजारत अनुभाग, सीहोर में कार्यालयीन समय में जिला नाजिर, सीहोर से संपर्क कर नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व तक वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।

10. किसी प्रकार के विवाद की होने की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकारी सिविल जिला सीहोर होगा।

11. उक्त विज्ञप्ति का अवलोकन जिला न्यायालय की वेबसाइट **https://Sehore. dcourt.gov.in** पर किया जा सकेगा।

sd/-
वास्तें/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सीहोर म0प्र0

पृष्ठांकन क्रं. 2846 /V-12/6/2024 सीहोर, दिनांक 21/10/24

प्रतिलिपि,:-

1, आयुक्त जनसंपर्क, संचालनालय, विज्ञापन शाखा, बाणगंगा रोड, भोपाल की ओर निशुल्क प्रचार/प्रसार हेतु प्रेषित।

2, आयुक्त जनसर्पक, कार्यालय सीहोर, की ओर निशुल्क प्रचार/प्रसार हेतु प्रेषित कर अनुरोध है कि नीलाम विज्ञापन के प्रकाशन की सूचना प्रकाशित अंक के साथ इस कार्यालय को प्रेषित करें।

3, कार्यालय कलेक्टर/ कमीशनर, नगर पालिका सीहोर की ओर प्रेषित कर अनुरोध है कि सूचना समस्त सार्वजनिक स्थानों के सूचना पटल पर चस्पा करवाये जाने हेतु प्रेषित।

4, जिला नाजिर, नजारत अनुविभाग सीहोर की ओर प्रेषित कर लेख है कि नीलामी विज्ञापन प्रकाशित करवाकर अखबार की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करे एव न्यायालय भवन के मुख्य सूचना पटल, प्रवेश द्वार एवं जिलाधीश कार्यालय सीहोर, नगर पालिका परिषद सीहोर के मुख्य सूचना पटल पर नीलाम विज्ञापन चस्पा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

5, जूनियर सिस्टम एनॉलिस्ट, कम्प्यूटर अनुविभाग सीहोर की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उक्त शासकीय वाहनों की नीलामी की विज्ञप्ति ऑनलाईन प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें।

6, स्टेनोग्राफर, न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर की ओर माननीय महोदयजी, को अवगत कराये जाने हेतु प्रेषित।

वास्तें/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सीहोर म0प्र0

कार्यालय– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर (म.प्र.)

नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का प्रारूप

1. निविदाकार (नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति) का नाम ....
2. निविदाकार (नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति) का पूर्ण पता ....
   दूरभाष सहित ....
3. निविदाकार (नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति) का आधार नंबर ....
   (छायाप्रति संलग्न करें)
4. वाहन कमांक MP-02-HC-0253
5. अमानत राशि (अंको में) ....
   अमानत राशि (शब्दों में) ....
6. रसीद कमांक ....दिनांक..

स्थान– सीहोर(म.प्र.)

दिनांक.....................

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति
का नाम एवं हस्ताक्षर,